# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
**फोन :** 23005700; **फैक्स :** 23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
## श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

**नई दिल्ली 1 मई, 2013 :** भारतीय जनता पार्टी 4 एवं 5 मई को देश भर में "कांग्रेस के घोटालों, भ्रष्टाचार" और गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ **"भण्डा फोड़"** आन्दोलन करेगी।

भाजपा उपाध्यक्ष, श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि भाजपा देश की सभी राजधानियों में केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार, घोटालों और संवैधानिक संस्थाओं के बेशर्मीपूर्ण दुरुपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, धरने, सभाएं और रैलियों के माध्यम से कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के भ्रष्टाचार का 'भण्डा फोड़' करेगी।

श्री नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री **"गुनाहों के गार्जियन और कांग्रेस करप्शन का काकस"** बन गया है। सभी भ्रष्टाचार और घोटालों में जन–धन की लूट प्रधानमंत्री के सरंक्षण (गार्जियनशिप) में कांग्रेस के काकस द्वारा बेखौफ होकर किया जा रहा है, हर घोटले और लूट का रास्ता श्रीमती सोनिया गांधी एवं श्री मनमोहन सिंह से होकर आगे बढ़ता है।

श्री नकवी ने कहा कि कांग्रेस के करप्शन का बदनुमा चेहरा बेनकाब हो चुका है, इस सरकार का हर गुनाह उसके गुनहगार का नाम चीख–चीख कर बता रहा है।

श्री नकवी ने कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों में जन–धन की खुली लूट के चलते आज देश गंभीर आर्थिक संकट के रास्ते पर खड़ा हो गया है। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में देश सबसे ज्यादा कर्ज के बोझ में दब गया है, 376 विलियन डालर यानी लगभग 20 लाख 60 हजार करोड़ रूपये का देश के सिर पर कर्ज है। **"अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री–कर्जशास्त्री"** साबित हुए हैं। इसका मुख्य कारण बड़े पैमाने पर जन–धन की लूट और उसे काले धन के रुप में विदेशों में इकट्ठा करना है। इस जन धन की लूट की बन्दरबांट, "कांग्रेस के करप्शन काकस" ने मिलकर की है।

श्री नकवी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार शुरु से ही दोनों हाथों से लूट में जुटी रही। एंट्रिक्स देवास, एयरसेल–मैक्सिस, नेवी वॉर रुम, कैश फॉर ऑयल, कैश फॉर वोट, 2जी, कॉमनवेल्थ गेम, कोल घोटाला, हेलीकाप्टर डील घोटाला, जैसे सैंकडों घोटाले और भ्रष्टाचार के चलते आज देश चौतरफा संकट का सामना कर रहा है। महंगाई और बेरोजगारी सिर चढ़कर बोल रही है।

श्री नकवी ने कहा कि सरकार के मंत्रियों, एवं प्रधानमंत्री पर गंभीर घोटाले में शामिल होने के बार–बार खुलासों एवं न्यायालयों के फैसलों, निर्देशों और टिप्णियों के बाबजूद कांग्रेस पार्टी एवं उसकी मुखिया घोटालों के गुनहगारों को बचाती रही है और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला और जांच ऐजेन्सियों के दुरुपयोग की जोड़–तोड़ में लगी रही है।

श्री नकवी ने कहा कि 4 और 5 मई को पूरे देश में सरकार की 'चोरी और सीना जोरी' तथा जनधन की लूट के खिलाफ होने वाले **"भण्डा फोड़"** आन्दोलन में सभी सांसद, विधायक, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेशों के प्रमुख नेता अलग–अलग स्थानों पर शामिल होंगें।

**(ओ0 पी0 कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*